तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार 31 दिसंबर 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



14 जान जोखिम में डाल टूटे बिजली पोल के सहारे नहर...





14 दुर्गूकोंदल के दिया गांव की महिलाएं बनीं आत्मनिर्भर




## खबर संक्षेप

### हाटकोंदल में साप्ताहिक बाजार शेड को बनाने मिली 19.95 लाख की स्वीकृति



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम हाटकोंदल में साप्ताहिक बाजार की शेड निर्माण की बहुप्रतीक्षित मांग अब पूरी होने जा रही है। 30 दिसंबर को बाजार शेड निर्माण के लिए 19 लाख 95 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस स्वीकृति से ग्रामवासियों में हर्ष का माहौल है, क्योंकि इससे वर्षों से लगने वाले साप्ताहिक बाजार को स्थायी और सुरक्षित सुविधा मिलेगी। बाजार शेड की स्वीकृति मिलने के उपरांत निर्माण कार्य की शुरुआत के लिए ग्राम पंचायत हाटकोंदल के सरपंच हरिषा मंडावी ने ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विधिवत भूमि पूजन किया। भूमि पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और सभी ने इस विकास कार्य का स्वागत किया। सरपंच हरिषा मंडावी ने कहा कि ग्राम हाटकोंदल को यह महत्वपूर्ण सौगात मिली है। उन्होंने कहा कि बाजार शेड के निर्माण से साप्ताहिक बाजार में आने वाले व्यापारियों और खरीदारों को धूप, बारिश और अन्य मौसम की परेशानियों से राहत मिलेगी, साथ ही स्थानीय व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि शासन की योजनाओं और जिला पंचायत के सहयोग से ग्रामीण अंचलों में आधारभूत संरचनाओं ▶▶| शेष पेज 12 पर

### बुद्धिमता से शांति : मतांतरित परिवार ने स्वेच्छा से लिया मूल धर्म में लौटने का निर्णय

# देवडोंगर में समझदारी से टला विवाद, मूल धर्म में वापसी के बाद हुआ महिला का अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखंड नरहरपुर के ग्राम देवडोंगर में एक मतांतरित परिवार के सदस्य की मृत्यु के बाद उत्पन्न होने वाली संभावित सामाजिक स्थिति को गांव वालों और परिजनों की समझदारी से शांतिपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया। घटना उस समय सामने आई जब मतांतरित परिवार की एक महिला की मृत्यु हो गई और अंतिम संस्कार को लेकर गांव में विवाद की आशंका बनने लगी। विवाद की स्थिति से बचने के लिए मृतका के परिजनों ने दफन करने से पहले ही गांव वालों के समक्ष अपने मूल धर्म में वापस लौटने की इच्छा व्यक्त की।

जानकारी के अनुसार ग्राम देवडोंगर निवासी सनभा बाई मंडावी की बहू 32 वर्षीय सरस्वती मंडावी जिसकी मानसिक स्थिति लंबे समय से ठीक नहीं थी, उसने 29 दिसंबर को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और नियमानुसार पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पीएम उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया गया। परिजन जब शव को अंतिम संस्कार के लिए गांव देवडोंगर लेकर पहुंचे, तब गांव के लोगों ने उनसे चर्चा की। ग्रामीणों ने मृतिका के परिजनों को समझाया कि उनका परिवार मतांतरित है, ऐसे में गांव की इसाई समाज की परंपरा और रीति-रिवाजों के अनुसार क्रिया-कर्म करना संभव नहीं है। इस बात को लेकर गांव में किसी प्रकार का तनाव न फैले, इसे ध्यान में रखते हुए मृतिका के परिवार के सदस्यों ने आपस में विचार-विमर्श किया। चर्चा के बाद परिवार ने गांव वालों से कहा कि वे अपने मूल धर्म में वापस आने को तैयार हैं, ताकि मृतिका का अंतिम संस्कार सामाजिक रीति-रिवाजों के ▶▶| शेष पेज 12 पर

- मृतिका की सास ने कहा कि किसी प्रकार का दबाव नहीं, परिवार ने मूल धर्म में वापिस होने का खुद लिया निर्णय



### गांव के सभी निर्णय होंगे मान्य, किसी ने नहीं डराया

मतांतरित मृतक महिला की सास ने भी स्पष्ट रूप से कहा कि उन पर किसी भी प्रकार का दबाव नहीं डाला गया। उन्होंने बताया कि उन्हें किसी तरह का विवाद नहीं चाहिए था और गांव वालों ने केवल समझाइश दी थी। न तो किसी ने डराया और न ही धमकाया। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ साल पहले किसी कारणवश उनका परिवार भटक गया था, लेकिन अब उन्होंने अपनी गलती को समझते हुए मूल धर्म में वापसी कर ली है। महिला की सास ने आगे कहा कि अब उनका परिवार गांव वालों के साथ मिलकर शांति और सद्भाव के साथ रहना चाहता है। गांव के सहयोग से अंतिम संस्कार संपन्न होने पर उन्होंने संतोष जताया और कहा कि भविष्य में भी वे गांव की सामाजिक परंपराओं का पालन करते हुए रहेंगे।

### आपसी संवाद से सुलझ सकते हैं विवाद

मतांतरित परिवार की सूझ-बूझ और गांव वालों की समझदारी के चलते पूरे गांव का माहौल शांत बना रहा। जिले में इस तरह के संवेदनशील मामलों के बीच यह घटना एक उदाहरण के रूप में सामने आई, जहां आपसी संवाद और सहमति से स्थिति को शांतिपूर्वक सुलझा लिया गया। ग्रामीणों ने कहा कि मतांतरित परिवार ने यह निर्णय स्वेच्छा से लिया है और उन्हें अपनी पूर्व की गई गलती का एहसास भी हुआ है।

### सामाजिक समरसता बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में शांति और सामाजिक समरसता बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। किसी भी तरह का दबाव या जबरदस्ती नहीं की गई। यह निर्णय पूरी तरह से परिवार की सहमति से लिया गया। गांव वालों ने केवल सामाजिक परंपरा और रीति-रिवाजों की जानकारी दी, जिसके बाद परिवार ने खुद निर्णय लिया। इस पूरे घटनाक्रम में गांव के वरिष्ठजनों, ग्रामीणों और परिजनों की भूमिका सराहनीय रही, जिनकी समझदारी और संयम से एक संवेदनशील मामले को बिना किसी टकराव के सुलझा लिया गया। ग्राम देवडोंगर में इस घटना के बाद शांति का माहौल बना हुआ है।

### कार की टक्कर, मालवाहक वाहन खंभे से टकराया



**कांकेर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का खतरनाक नतीजा सामने आया है। बाबूकोहका गांव के पास सोमवार की शाम एक कार की लापरवाह ड्राइविंग ने सड़क पर अफरा-तफरी मचा दी। कार की टक्कर से एक मालवाहक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से जा टकराया। जिससे वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन वाहन चालक और हेल्पर बाल-बाल बच गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना चारामा में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे बालोद जिले के गुण्डरदेही थाना अंतर्गत ग्राम खलारी निवासी 24 वर्षीय प्रमोद कुमार साहू पिता स्वर्गीय सेवा राम साहू ने पुलिस को बताया कि वह वाहन मालिक राजीव शर्मा के वाहन क्रमांक सीजी 08 बीसी 6986 का चालक है। 29 दिसंबर को वह अपने हेल्पर दिलेश्वर यादव के साथ राजनांदगांव से कांकेर की ओर तेल कार्टून लोड कर आ रहा था। रात लगभग पौने 8 बजे जब उनका वाहन ग्राम बाबूकोहका स्थित एफसीआई गोदाम के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर पहुंचा। तभी कांकेर की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 0309 के चालक ने तेज गति ▶▶| शेष पेज 12 पर

### यूनाइटेड फोरम ने 5 दिवस बैंकिंग लागू करने की जमकर नारेबाजी

**कांकेर।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के बैनर तले राष्ट्रीय कृत बैंको के कर्मचारी, अधिकारी वर्ग अपनी एकता का परिचय देते हुए 30 दिसंबर को एकजुट होकर 5 दिवस बैंकिंग लागू करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय सिटी सेंटर कांकेर के सामने नारेबाजी किया। भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी वर्ग के क्षेत्रीय सचिव दिनेश मंडावी एवं भारतीय स्टेट बैंक कर्मचारी संघ के क्षेत्रीय सचिव पवन वर्मा साथ ही विभिन्न बैंक शाखाओं के कर्मचारी, अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहें, जिसमे मुख्य रूप से स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, आईडीबीआई बैंक, यूनियन बैंक, बैंक ऑफ बड़ोदा के कर्मचारी अधिकारी शामिल रहे।



### जिले में 2 लाख 21 हजार मी. टन से अधिक धान खरीदी

**कांकेर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत जिले के सभी 149 उपार्जन केंद्रों तथा 70 सहकारी समितियों में किसानों के द्वारा धान बेचा जा रहा है। खाद्य शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक कुल 2 लाख 21 हजार 386 मीट्रिक टन धान किसानों द्वारा बेचा जा चुका है। 2 लाख 19 हजार 187 मेट्रिक टन मोटा धान तथा 2 हजार 073 मीट्रिक टन पतला और 126 मीट्रिक ▶▶| शेष पेज 12 पर






## खबर संक्षेप

### नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाने पर कायस्थ समाज प्रसन्न

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रभारी एवं बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर बस्तर कायस्थ समाज ने राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। समाज के अध्यक्ष अर्जुन श्रीवास्तव सहित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कहा कि कायस्थ समाज के नितिन नबीन कर्मठ, अनुभवी एवं संगठन के प्रति समर्पित नेता है इसलिए राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। यह भारतीय जनता पार्टी के साथ साथ संपूर्ण कायस्थ समाज के लिए गौरव का विषय है। कायस्थ समाज बस्तर संभाग के उपाध्यक्ष महेंद्र श्रीवास्तव, सुदामा श्रीवास्त्व, सचिव गजेंद्र श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष, राजेश, आशीष, विपुल, अध्यक्ष महिला संगठन जय श्रीवास्तव, गीता श्रीवास्तव ने विश्वास जताया कि वे उत्कृष्ट कार्य करते हुए समाज और देश का मान बढ़ाएंगे।

### तहसीलदार ने करपावंड धान खरीदी केन्द्र का किया निरीक्षण

**बकावंड।** मंगलवार को करपावंड धान खरीदी केन्द्र पहुंच कर तहसीलदार ने रख रखाव एवं बारदाना के साथ-साथ धान बोरियों का नियम पूर्वक मापदंड अनुसार मात्रा वजन की जांच की। उन्होंने केंद्र के गोदामों का भी जांच चार पहियों वाहनों को बाहर खड़े रखने के निर्देश दिए। तहसीलदार ने बताया की उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार धान खरीदी के प्रारंभ से आज तक कितना खरीदी हुआ एवं कितना बारदाना है और कितना आगे आवश्यकता होगा ।

### जांच नहीं कराने वाले स्कूलों की बसों का होगा पंजीयन निरस्त

**जगदलपुर।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया है कि बस्तर जिले के शैक्षणिक संस्थानों की आड़ावाल में स्थित आरटीओ कार्यालय परिसर में दो दिन बसों की जांच की जाएगी। जांच नहीं करने वाले स्कूल बसों को पंजीयन निरस्त किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार शैक्षणिक संस्थान स्कूल, कालेज, आईटीआई में संचालन होने वाली समस्त शैक्षणिक संस्थान वाहनों को उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार जारी गाइड लाइन अनुसार आगामी 9 एवं 10 जनवरी की सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक कार्यालय क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय आड़ावाल में जांच शिविर आयोजित किया गया है।

### जन्म शताब्दी वर्ष : विधानसभा स्तरीय अटल स्मृति सभा का आयोजन

# अटलजी ने परमाणु परीक्षण करके देश को सामरिक रूप से बनाया सशक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




भारतरत्न, पूर्व प्रधानमंत्री, कवि, लेखक, विचारक, भाजपा के संस्थापक अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने व राष्ट्र विकास में उनके योगदान को याद करते 30 दिसंबर को कांकेर विधानसभा स्तरीय अटल स्मृति सभा का आयोजन नरहरपुर में किया गया ।

मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित शशि पवार ने कहा कि अटल बिहारी बाजपेयी एक संवेदनशील कवि, ओजस्वी वक्ता और प्रखर विचारक भी थे। उनकी कविताओं और भाषणों में राष्ट्रप्रेम, मानवीय संवेदना और जीवन मूल्यों की झलक मिलती है, जो आज भी देशवासियों और युवाओं को प्रेरित करती है। अटल बिहारी वाजपेयी का सपना सशक्त, समृद्ध, आत्मनिर्भर और सांस्कृतिक मूल्यों से युक्त भारत का था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी उसी संकल्प को आगे बढ़ा रही है। विचार और आदर्श आज भी पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए मार्गदर्शक हैं। उनका जीवन और कृतित्व आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा। उनके बताए मार्ग पर चलकर राष्ट्रनिर्माण में योगदान देना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

महेश जैन ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के महान राष्ट्रद्रष्टा थे। उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और सुशासन को समर्पित रहा। अटल जी का व्यक्तित्व राजनीति में शुचिता, विचारों में स्पष्टता और व्यवहार में विनम्रता का प्रतीक था। विषम परिस्थितियों में भी देश को एक नई दिशा दी। उन्होंने राजनीति में मर्यादा, संवाद और सहमति की परंपरा को सुदृढ़ किया। विपक्ष के प्रति सम्मान, लोकतंत्र के प्रति अटूट निष्ठा और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना उनके नेतृत्व की विशेष पहचान रही। विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि अटल जी के कार्यकाल में देश ने ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल कीं। पोखरण परमाणु परीक्षण के माध्यम से भारत को सामरिक रूप से सशक्त बनाया गया, वहीं स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी योजनाओं ने देश के बुनियादी ढाँचे को मजबूती प्रदान की। इन योजनाओं से आर्थिक विकास को गति मिली और ग्रामीण भारत को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा गया। विदेश नीति संतुलित, दूरदर्शी और राष्ट्रहित पर आधारित थी। पड़ोसी देशों के साथ संवाद, विशेषकर बस यात्रा के माध्यम से शांति का संदेश देना, उनके उदार किंतु दृढ़ नेतृत्व को दर्शाता है। वे शांति के पक्षधर थे, परंतु देश की सुरक्षा और सम्मान से कभी समझौता नहीं किया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, प्रदेश प्रवक्ता टेकेश्वर जैन, अशोक वलेचा, पूर्व जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल, राजीव लोचन सिंह, संजय सिन्हा, अनिता सोनी, उत्तम जैन, प्रदीप जायसवाल, अरूण कौशिक, संजू गोपाल साहू, तारा ठाकुर, विजय लक्ष्मी कौशिक, टीकेश सिन्हा, मनोज ध्रुव, संतोष भास्कर कन्हैया नेताम , गिरधर यादव, जयंत अटभैया, मीरा सलाम, लक्ष्मी नारायण साहू, पुष्पा मंडावी, मंजू सारथी, चित्ररेखा जैन, अनूप शर्मा, पीयूष वलेचा, सपन श्रीवास्तव, संजय जुर्री, मुकेश संचेती व राजा पांडेय आदि मौजूद रहे।

## बफर लिमिट पार करने वाले केंद्रों से धान उठाव का मिला आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर


कोरेनार छोटेबेठिया में धान उठाव सुस्त, बढ़ी केंद्र प्रभारियों की चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

परलकोट क्षेत्र में इन दिनों धान खरीदी अपने चरम पर है, लेकिन खरीदी केंद्रों से धान का उठाव न होने के कारण स्थिति गंभीर होती जा रही है। धान का उठाव नहीं होने से ...

आशंका है। केंद्र प्रभारियों के लिए सबसे बड़ी समस्या धान में होने वाली सूखत है। धूप और खुले मौसम के कारण धान का वजन कम हो जाता है। यदि समय पर उठाव नहीं हुआ, तो सूखत के कारण होने वाले घाटे की भरपाई प्रभारियों को स्वयं करनी पड़ती है। एक केंद्र प्रभारी ने बताया कि लिमिट से ज्यादा धान जमा हो चुका है। यदि जल्द ही उठाव नहीं हुआ, तो वजन

खबर का असर

- धान जमा होने और भंडारण की समस्या

क्षेत्र में धान खरीदी केंद्रों में क्षमता से अधिक धान जमा होने और भंडारण की समस्या को लेकर हरिभूमि अखबार में प्रकाशित खबरों का बड़ा असर देखने को मिला है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम ने बफर लिमिट पार करने वाले केंद्रों से जल्द ही धान उठाव का आश्वासन दिया है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पखांजूर टीकाराम देवांगन से बात करने पर उन्होंने बताया कि बफर लिमिट पार करने वाले केंद्रों से जल्द ही धान उठाव का आश्वासन दिया है। तीन से चार दिन के भीतर जिन खरीदी केंद्रों में धान की आवक बफर लिमिट निर्धारित सीमा को पार कर चुकी है, वहां से प्राथमिकता के आधार पर धान का परिधान किया जाएगा। ऐसे केंद्र जहाँ धान सुरक्षित रखने के लिए समुचित व्यवस्था या जगह का अभाव है, वहां विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एसडीएम के अनुसार जल्द ही इन केंद्रों के लिए डीओ जारी कर दिए जाएंगे। डीओ जारी होते ही केंद्रों से धान का परिदान परिवहन शुरू हो जाएगा, जिससे केंद्रों में जगह खाली होगी और नए धान की खरीदी सुचारू रूप से चल सकेगी। इस घोषणा के बाद केंद्र प्रभारियों ने राहत की सांस ली है, क्योंकि धान का उठाव न होने के कारण सुरक्षा और मौसम की अनिश्चितता को लेकर चिंता बनी हुई थी। एसडीएम टीकाराम देवांगन ने कहा कि हम किसानों और केंद्र प्रभारियों की समस्याओं को समझ रहे हैं, जिन केंद्रों में जगह की कमी है, वहां जल्द से जल्द डीओ जारी कर धान का उठाव सुनिश्चित किया जाएगा।



## कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान ने एनएच से मांगी 15.56 करोड़ क्षतिपूर्ति राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



हरिभूमि फॉलोअप

लोक निर्माण विभाग के जगदलपुर-कोंटा राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में 36 करोड़ रुपए की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग के 6.01 किमी 12 मीटर चौड़ीकरण किया जाएगा। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान ने इसके लिए 15.56 करोड़ रुपए की क्षतिपूर्ति मांगी है। वन्यजीवों और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव के कारण, जिससे सड़क निर्माण के लिए पार्क की जमीन या पारिस्थितिक संवेदनशीलता प्रभावित हो रही है और पार्क इसके बदले में आर्थिक भरपाई चाहता है।

बताया जा रहा है कि बस्तर जिले के केशलूर से सुकमा जिले में 170 किमी राज्यमार्ग बना हुआ था। उसके बाद वर्ष 1982 में 200 वर्ग किलोमीटर कांगेर घाटी उद्यान स्थापित किया गया, इसमें से 6.01 किमी सड़क कांगेरघाटी उद्यान में रहा, जिसके चलते यह सड़क का चौड़ीकरण या मरम्मत प्रतिबंधित किया गया।

## कानून-व्यवस्था को लेकर अफवाहों पर ध्यान न दें



**भानुप्रतापपुर।** अनुविभागीय पुलिस अधिकारी शेरबहादुर सिंह ने क्षेत्र की कानून-व्यवस्था को लेकर अपना विस्तृत वक्तव्य जारी किया। उन्होंने कहा कि भानुप्रतापपुर अनुविभाग में शांति, सुरक्षा और कानून का पालन सुनिश्चित करना पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, अपराध या सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के प्रयास को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसडीओपी ने कहा कि क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है तथा संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। अपराधियों पर त्वरित एवं कठोर कार्रवाई की जा रही है ताकि आम नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सकें। उन्होंने कहा कि पुलिस बल पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य कर रहा है। कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें। यदि कहीं भी कोई संदिग्ध गतिविधि या आपराधिक घटना की जानकारी मिलती है तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। पुलिस और आमजन के सहयोग से ही क्षेत्र में बेहतर सुरक्षा व्यवस्था कायम रखी जा सकती है।सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक या आपत्तिजनक सूचनाओं पर पुलिस की पैनी नजर है और ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से कानून का पालन करने और किसी भी प्रकार की गलत गतिविधियों से दूर रहने की अपील की। पुलिस प्रशासन जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और आम नागरिक निडर होकर अपनी दैनिक गतिविधियां संचालित करें। किसी भी आपात स्थिति में पुलिस सहायता के लिए हमेशा तत्पर है।

## दुर्गूकोंदल में दूसरे दिन भी जारी रहा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



- कलम बंद काम बंद आंदोलन
- अधिकारी- कर्मचारी 11 मांगों को लेकर कर रहे हड़ताल

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आव्हान पर तृतीय चरण के जिला स्तरीय कलम बंद काम बंद आंदोलन के अंतर्गत 29 से 31 दिसंबर तक चल रहे आंदोलन के आज द्वितीय दिवस पर विकासखंड दुर्गुकोंदल में बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे। 11 सूत्रीय मांगों को लेकर विभिन्न विभागों एवं संगठनों के कर्मचारी अधिकारी हड़ताल पर बैठे रहे, जिससे शासकीय कार्यालयों में कार्य प्रभावित रहा।

फेडरेशन की प्रमुख 11 सूत्रीय मांगों में केंद्र सरकार के समान कर्मचारियों एवं पेंशनरों को देय तिथि से महंगाई भत्ता लागू करना, डीए एरियर की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित करना, सभी कर्मचारियों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान प्रदान करना, लिपिकों, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों की वेतन विसंगतियों को दूर करने हेतु पिंगुआ कमेटी रिपोर्ट सार्वजनिक करना प्रमुख है। इसके अतिरिक्त प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए समस्त सेवा लाभ देने, पंचायत सचिवों के शासकीयकरण, सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को तृतीय समयमान वेतनमान देने, नगरीय निकाय कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन एवं समयबद्ध पदोन्नति देने की मांग भी प्रमुखता से रखी गई। अनुकंपा नियुक्ति नियमों में 10 प्रतिशत सीलिंग को शिथिल करने, प्रदेश में कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने, अर्जित अवकाश नकदीकरण 300 दिवस तक करने तथा दैनिक, अनियमित एवं संविदा कर्मचारियों को नियमित करने के लिए ठोस नीति बनाने की मांग भी आंदोलन का हिस्सा है। साथ ही सभी विभागों में समानता लाते हुए सेवा निवृत्ति आयु 65 वर्ष किए जाने की मांग भी उठाई गई। फेडरेशन के संयोजक बाबूलाल कोमरे एवं बैजनाथ नरेटी ने बताया कि आंदोलन के अंतिम दिवस 31 दिसंबर को जिला स्तर पर रैली का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दुर्गुकोंदल के कर्मचारी अधिकारी कूच करेंगे। वहीं कुछ कर्मचारी ब्लॉक स्तर पर भी आंदोलन जारी रखेंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

## सोनारू और सुकलो ने समर्थन मूल्य पर धान विक्रय कर खेती-किसानी को दिया बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





शासन की समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन नीति से अन्नदाताओं को अच्छा सम्बल मिल रहा है और वे धान विक्रय की राशि से जहां खेती-किसानी को बढ़ावा दे रहे हैं। साथ ही घर-परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए जुटे हैं। तोकापाल विकासखण्ड अंतर्गत मरकापाल निवासी किसान सोनारू कश्यप और छापर भानपुरी के सुकलो बघेल बताते हैं कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से उन्हें बड़ी मदद मिल रही है और धान की अच्छी पैदावार के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं, जिससे उन्हें ज्यादा मुनाफा हो सके।

छापर भानपुरी धान उपार्जन केन्द्र अपनी उपज बेचने आए सोनारू कश्यप ने बताया कि करीब 10 एकड़ कृषि भूमि में से 8 एकड़ में धान की खेती करते हैं, इस वर्ष 132 क्विंटल धान विक्रय कर रहे हैं, जिससे करीब एक लाख रुपए फसल ऋण लिंकिंग में देंगे। उन्होंने गत वर्ष के धान एवं मक्का विक्रय की राशि से शुरू किए 7 कमरे के पक्का मकान को इस साल पूरा करने की बात कही।

## पूर्व छात्रों ने बताए अनुभव, अनुशासन और संस्कार से जीवन हुआ सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करपावंड




- एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में एलुमनी मीट

करपावंड स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में पूर्व छात्र मिलन एलूमनी मीट का आयोजन किया गया। वर्षों बाद विद्यालय लौटे पूर्व छात्रों में उत्साह देखा गया। कार्यक्रम पुराने संस्मरणों को ताजा करने के साथ वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का अवसर बना। शुरूआत छात्र परिषद के पदाधिकारियों द्वारा पूर्व छात्रों के आत्मीय स्वागत से हुआ। एलूमनी छात्रों ने मंच से अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि विद्यालय में मिली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन, संस्कार और शिक्षकों का मार्गदर्शन व्यक्तित्व निर्माण में सहायक बना। राहुल साय ने कहा एकलव्य विद्यालय ने मुझे न केवल शिक्षा दी बल्कि जीवन की चुनौतियों का सामना करने का साहस भी दिया। यहां का अनुशासन और शिक्षकों का मार्गदर्शन मेरे जीवन की सफलता का आधार हैं। मिलन समारोह के दौरान वर्तमान विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। नृत्य, गीत और नाटक के माध्यम से उन्होंने विद्यालय की संस्कृति और परंपराओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।

#### यहां के छात्र उंचे पदों में पहुंच रहे

पूर्व छात्र संतोष कुमार मंडावी ने कहा कि इस विद्यालय से पढ़कर कई छात्र डॉक्टर, इंजीनियर, अधिकारी और विभिन्न क्षेत्रों में सफल होकर देश-समाज की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की शुरूआत एक सामाजिक भवन से हुई थी। प्रारंभिक समय में शिक्षकों की कमी, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं का अभाव था, लेकिन आज छात्रावास में सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसका सकारात्मक प्रभाव विद्यालय के उत्कृष्ट परिणामों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

#### छात्रों को मिलेगा व्यावसायिक प्रशिक्षण

प्राचार्य अमित कुमार पांडेय ने बताया कि विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय एवं नेशनल एजुकेशन सोसायटी फॉर ट्राइबल स्टूडेंट्स के सहयोग से टाटा मोटर्स कंपनी के साथ एक एमओयू हुआ है, जिसके तहत पूर्व और वर्तमान छात्रों को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इससे वे आत्मनिर्भर बनेंगे।

### संयुक्त बैठक में अधिकारियों ने तय की समय-सीमा

# 30 जनवरी तक 118 नल-जल योजनाओं को मिलेगी बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने की मुहिम में आ रही बिजली कनेक्शन प्राथमिकता दी जा रही है। इस दिशा में बीते दिनों आयोजित संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में मिशन जल जीवन मिशन के संचालक जितेंद्र शुक्ल ने नल-जल प्रदाय योजनाओं में तत्काल विद्युत कनेक्शन सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में गत दिवस विद्युत विभाग के प्रशासकीय खण्ड के सभा कक्ष में विद्युत विभाग एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अभियंताओं की एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों विभागों के कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता और उप-अभियंताओं ने हिस्सा लिया, जहाँ मुख्य रूप से ग्रामवार लंबित डिमांड नोट और उनके भुगतान की स्थिति पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

बैठक के दौरान अधिकारियों ने पाया कि कुल 102 ग्रामों के लिए 120 विद्युत कनेक्शनों के आवेदन प्रस्तुत किए गए थे, जिनमें से 99 ग्रामों के 118 कनेक्शनों के लिए डिमांड नोट का भुगतान विभाग द्वारा किया जा चुका है। इन आंकड़ों पर विस्तृत चर्चा के बाद विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक ठोस कार्ययोजना तैयार की गई। समीक्षा के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित के कार्यपालन अभियंता ने आश्वस्त किया कि प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी। उन्होंने समय-सीमा निर्धारित करते हुए कहा कि जिन मामलों में डिमांड नोट लंबित हैं, उन्हें हर हाल में 15 जनवरी 2026 तक जारी कर दिया जाएगा। वहीं, जिन ग्रामों में डिमांड नोट का भुगतान हो चुका है, इन जगहों पर 30 जनवरी 2026 तक विद्युत कनेक्शन प्रदान कर दिए जाएंगे। बैठक के समापन पर विद्युत विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंताओं ने अपने अधीनस्थ अमले को कड़े निर्देश दिए कि दोनों विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य को शीघ्र पूर्ण करें, ताकि ग्रामीणों को पेयजल योजना का लाभ जल्द से जल्द मिल सके।

## पेज 11 के शेष...

### हाटकोंदल में साप्ताहिक...

का तेजी से विकास हो रहा है। हाटकोंदल में बनने वाला यह साप्ताहिक बाजार शेड न केवल ग्रामीणों की सुविधा बढ़ाएगा, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को भी मजबूती प्रदान करेगा। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी प्रकार विकास कार्य निरंतर होते रहेंगे। कार्यक्रम में भाजपा नेता दरबू कोसमा, ग्राम पटेल सरोज मंडावी, सचिन दुबे, एसडीओ आरईएस दुर्गुकोंदल देवेंद्र हटीले, सब इंजीनियर विनय देवांगन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### देवडोंगर में समझदारी...

अनुसार शांतिपूर्वक किया जा सके। इसके बाद गांव में बैठक आयोजित की गई, जिसमें ग्रामवासियों की सहमति से शीतला मंदिर में पूरे परिवार को मूल धर्म में वापसी की प्रक्रिया करवाई गई। ग्रामीणों की मौजूदगी में पारंपरिक रूप से धार्मिक प्रक्रिया पूरी की गई। इसके पश्चात मृतिका के शव का अंतिम संस्कार गांव की सामाजिक परंपरा और रीति-रिवाजों के अनुसार किया गया। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान किसी प्रकार का विवाद या तनाव नहीं हुआ।

### कार की टक्क...

और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनके वाहन के ड्राइवर साइड के बम्पर में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मालवाहक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से जा टकराया। हादसे में वाहन का सामने का हिस्सा गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ धारा 125 (ए) एवं 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### जिले में अब...

टन सरना वैरायटी का धान सम्मिलित है। इस संबंध में बताया गया कि टोकन तुंहर हाथ एप के जरिए सभी किसानों को अब सप्ताह के सातों दिन और 24 घंटे ऑनलाइन माध्यम से तथा उपार्जन केन्द्र में पहुंचकर टोकन प्राप्त करने की सुविधा प्रारंभ हो गई है। जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए केन्द्र प्रभारी तथा पर्यवेक्षण व निगरानी के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है। साथ ही कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार धान के परिवहन, भण्डारण तथा विक्रय की अवैध गतिविधियों को रोकने गठित टीमों के द्वारा सतत निगरानी की जा रही है।

## खबर संक्षेप


### मासूम रियांश की जिंदगी में लौटी मुस्कान



**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा निरंतर कुपोषण उन्मूलन हेतु कार्य किया जा रहा है। कुपोषण से जूझ रहे बच्चों को समय पर पहचान और सही उपचार मिल जाए तो उन्हें स्वस्थ जीवन दिया जा सकता है। इस बात को सही साबित किया है बीजापुर परियोजना के रेड्डी सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत पलनार के आंगनबाड़ी केंद्र पलनार स्कूलपारा ने। यहां पंजीकृत बालक रियांश पिता बाबलू ताती, माता नमिला ताती गंभीर कुपोषण की स्थिति से बाहर आकर पूर्णतः स्वस्थ हुआ है।
गंभीर कुपोषण की स्थिति, परिवार था चिंतित- नियमित वजन एवं स्वास्थ्य निगरानी के दौरान बच्चे का वजन केवल 6 किलो 200 ग्राम और लंबाई 62.1 सेमी दर्ज की गई, जो आयु के अनुसार अत्यंत कम थी। स्थिति गंभीर होने पर बच्चे को विशेष निगरानी सूची में शामिल किया गया और तत्काल उपचार प्रक्रिया आरंभ की गई। इस प्रयास में परियोजना बीजापुर, पर्यवेक्षक शबती पोयाम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जगदेश्वरी ओडेयाज, सहायिका मोती नक्का, ग्राम पंचायत सचिव तिरुपति कुडियम तथा सरपंच मालती ताती का सराहनीय योगदान रहा। एनआरसी में भर्ती शुरू हुआ सुधार का सफर- बेहतर उपचार और पोषण प्रबंधन के लिए रियांश को एनआरसी में भर्ती कराया गया जहां उसे संतुलित भोजन, दवाइयों, नियमित स्वास्थ्य जांच और माता को पोषण परामर्श सहित सभी आवश्यक सेवाएं प्रदान की गईं।

## निधन

### शम्मी कपूर



**जगदलपुर।** कपूर बेकरी के संचालक व्यवसायी शम्मी कपूर (62) का मंगलवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया। वे कल तक अपना कारोबार करते हुए लोगों से मिलते रहे। आज सुबह लालबाग स्थित निवास में अटैक आने पर महारानी अस्पताल में भर्ती किया गया। डॉक्टर के अनुसार हार्ट अटैक से उनका निधन हुआ। शाम 4:30 बजे निवास से निकली अंतिम यात्रा में समाज के लोग, व्यवसायी और शहरवासी शामिल थे। मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार हुआ। परिवार में एक भाई और एक बेटी छोड़ गए।

### सुमित्रा बाला धर



**जगदलपुर।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी सुमित्रा बाला धर (98) का आज निधन हो गया। परिवार में पुत्र अमूल्य, परिमल, विमल, रतन और सपन एवं नाती सुकुमार धर सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई। अन्तिम यात्रा बुधवार को प्रातः 9 बजे वृंदावन कॉलोनी स्थित निवास से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

# आर्सेलर मित्तल निप्पोंन बेनिफिसियेशन प्लांट की क्षमता विस्तार पर हुई शांतिपूर्ण ढंग से जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

लौह नगरी किरंदुल में आर्सेलर मित्तल निप्पोंन बेनिफिसियेशन प्लांट की क्षमता विस्तार को लेकर आयोजित जनसुनवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

किरंदुल में स्थित बेनिफिसियेशन प्लांट, क्षमता विस्तार के तहत प्रस्तावित आयरन

■ **एक हजार से अधिक लोगों ने जनसुनवाई में लिया भाग**

ओर बेनिफिसियेशन प्लांट क्षमता 8.0 मिलियन टन/ वर्ष से 120 मिलियन टन / वर्ष, क्षेत्र -3 83 हेक्टेयर (98.43 एकड़) के पर्यावरणीय स्वीकृति के लिये छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में लोक जनसुनवाई मंगलवार को बीआईओपी सीनियर सेकेण्ड्री





स्कूल किरंदुल बस स्टैण्ड में राखी गई थी जिसमें ग्राम पंचायत मदारी, चोलनार, समलवार, हिरोली, पाड़ापुर, बड़े बचेली, गुमियापाल, कोड़ेनार, कड़मपाल, मड़कामिरास, किरंदुल, जगदलपुर व सुकमा से जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। जनसुनवाई में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान परियोजना प्रबंधन की ओर से क्षमता विस्तार से संबंधित जानकारी दी गई और पर्यावरणीय प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। आर्सेलर मित्तल निप्पोंन बेनिफिसियेशन प्लांट की क्षमता विस्तार से स्थानीय युवाओं को और अधिक रोजगार मिलने की बात कही। जनसुनवाई के दौरान उपस्थित लोगों को अपनी राय और सुझाव रखने का अवसर दिया गया। ग्रामीण जनप्रतिनिधियों ने मल्टीनेशनल हॉस्पिटल क्षेत्र में खोलने, स्थानीय बेरोजगारों को अधिक से अधिक रोजगार देने, ग्रामीण क्षेत्रों में सीएसआर के माध्यम से अधिक से अधिक कार्य करने की बात रखी।

क्षेत्र में लोग आयरन की मात्रा अधिक होने से शुद्ध पेयजल की व्यवस्था क्षेत्र में करने, पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाने, कंपनी के अपशिष्ट पदार्थ को सरकार द्वारा बड़े-बड़े नेशनल हाईवे, रेलवे के कार्यों में फिलिंग के माध्यम से इस्तेमाल करने की बात रखी जैसा मूलभूत सुविधाओं की मांग की गई। पूरी जनसुनवाई में कहीं से भी किसी प्रकार का कड़ा विरोध दर्ज नहीं किया गया। बस्तर में पहली बार किसी निजी कंपनी की जनसुनवाई की पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई।

### तोकापाल में चार दिनों से नल जल योजना ठप

# पानी को लेकर हाहाकार, ग्रामीणों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल

तोकापाल में नल-जल योजना बीते चार दिनों से पूरी तरह ठप पड़ी हुई है। पानी की आपूर्ति बंद होने से गांव में भीषण जलसंकट उत्पन्न हो गया है। हालात ऐसे हैं कि ग्रामीणों, कर्मचारियों और स्कूली बच्चों को दैनिक कार्यों के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

■ **दैनिक कार्यों के लिए हो रही परेशानी**





पेयजल संकट के चलते ग्रामीण मजबूरी में नदी, नाले और तालाबों का दूषित पानी उपयोग करने को विवश हैं। यह पानी पीने योग्य नहीं होने के बावजूद इस्तेमाल किया जा रहा है। जिससे खासकर बच्चों में पीलिया, मलेरिया, निमोनिया, बुखार जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि एक-दो दिन में जलापूर्ति बहाल नहीं हुई, तो गांव में बीमारी फैलने की पूरी आशंका है। पानी की कमी के कारण कई घरों में आपसी विवाद की स्थिति बन रही है। महिलाएं दूर-दूर से पानी ढोने को मजबूर हैं। कई कर्मचारी समय पर ड्यूटी नहीं पहुंच पा रहे हैं, वहीं बच्चों को स्कूल भेजना भी मुश्किल हो गया है। हालात इतने खराब हैं कि जंगली जानवर भी पानी की तलाश में गांव के आसपास भटकते नजर आ रहे हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत को जल संकट की पूरी जानकारी होने के बावजूद सरपंच द्वारा न तो वैकल्पिक हैंडपंपों की मरम्मत कराई गई और न ही टैंकर की व्यवस्था की गई। चार दिनों से गांव बिना पानी के है, फिर भी पंचायत की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इस संबंध में जब ग्राम पंचायत तोकापाल के सरपंच लख्मी कश्यप से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि नल-जल योजना की मोटर जल गई है, जिसे मरम्मत के लिए भेजा गया है और दो-तीन दिन लग सकते हैं। टैंकर व्यवस्था को लेकर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मोटर जल्द बन जाएगी, इसलिए टैंकर की आवश्यकता नहीं समझी गई। सरपंच के इस जवाब से ग्रामीण संतुष्ट नहीं हैं। महिलाओं और ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द जलापूर्ति बहाल नहीं की गई, तो वे खाली बर्तन लेकर जनपद पंचायत सीईओ कार्यालय पहुंचकर एसडीएम एवं तहसीलदार को ज्ञापन सौंपेंगे। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि अब तक किसी भी जनप्रतिनिधि या जिम्मेदार अधिकारी ने इस गंभीर समस्या का संज्ञान नहीं लिया है, जिससे जनता खुद को उपेक्षित महसूस कर रही है। लोगों का कहना है कि पंचायत की लापरवाही का जवाब आने वाले चुनावों में दिया जाएगा।

**बच्चों की सेहत पर मंडरा रहा खतरा**

पानी की किल्लत के चलते बच्चे नदी-नालों और तालाबों में नहाने तथा वहां का पानी पीने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधरी तो गांव के बच्चों को गंभीर बीमारियां घेर सकती हैं। पानी की कमी के चलते बच्चों में भारी बीमारी होने के है घरों में सही पानी नहीं मिलने से बच्चों को नदी, नालों, तालाबों में नहाने को मजबूर हो रहे है और पानी कों बच्चें कही से भी पी रहे है जिससे बीमारी तो बच्चों को घेर लेगी और बच्चे बीमार हो जाएंगे।

# समलूर के ग्रामीणों से 2 जिलाध्यक्ष ने किया संवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष ओम सोनी एवं युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राहुल असरानी ने गीदम ब्लॉक के माता तपेश्वरी के पावन धरा समलूर पहुंच ग्रामीणों से स्नेह भेंट कर संवाद किया।

माता तपेश्वरी के पावन धरा समलूर आगमन पर भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, ग्रामीणों एवं युवा साथियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर ओम सोनी एवं राहुल असरानी का आत्मीय स्वागत कर शुभकामनाएं दी। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष ओम सोनी एवं युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राहुल असरानी ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए पार्टी की विचारधारा, संगठन की वर्तमान गतिविधियों तथा संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए पिछड़ा वर्ग समाज एवं युवाओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा करते हुए पिछड़ा वर्ग समाज एवं युवाओं से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। इस दौरान ग्रामीणों एवं युवाओं ने अपने विचार, सुझाव रखे और संगठनात्मक कार्यों में पूरी निष्ठा व सक्रियता से जुड़ने का संकल्प लिया। इसके पश्चात भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा जिला मंत्री विशाल जैन ने भी ग्रामीणों व युवा साथियों को संबोधित किया। उन्होंने पार्टी की विभिन्न गतिविधियों, जनहितकारी योजनाओं तथा संगठनात्मक मजबूती के लिए निरंतर कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग समाज एवं युवा शक्ति ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है और समाज एवं युवाओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन नए आयाम स्थापित करेगा।

कार्यक्रम का संचालन रामराज ठाकुर ने किया एवं आभार व्यक्त मंडल महामंत्री गीदम लोकेन्द्र ठाकुर ने किया। इस दौरान महादेव ठाकुर, बलभद्र ठाकुर, सुनील क्षत्रिय, सरपंच मोतीराम सोरी, पंच एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## राम कथा पर हुआ भरत मिलाप...



**जगदलपुर।** शहर के पगारिया परिसर में माहेश्वरी समाज की ओर आयोजित श्री राम कथा में मंगलवार को संत अलका श्री ने भरत मिलाप की कथा की, इसमें श्रद्धालुओं में उत्साह दिखा।

# पेंशनरों को मिला सुशासन का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

पेंशनरों के स्वास्थ्य की नियमित देखभाल एवं समय पर उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन की सुशासन की भावना के अनुरूप जिला चिकित्सालय बीजापुर में सोमवार को विशेष स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में आयोजित हुआ। जिसमें वरिष्ठ नागरिकों को एक ही स्थान पर समग्र स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।

शिविर में 60 से अधिक पेंशनरों ने भाग लिया। अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में पेंशनरों की विस्तृत स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ रक्तचाप एवं मधुमेह (शुगर) जांच, ईसीजी, लैब टेस्टिंग, नेत्र परीक्षण, 2डी इको तथा हियरिंग एड जैसी सुविधाएं प्रदान की गईं।

शिविर की विशेषता यह रही कि सभी सेवाएं पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। पेंशनरों को आवश्यक औषधियों का वितरण किया गया, वहीं ईसीजी, लैब टेस्टिंग, 2डी इको और हियरिंग एड की सुविधा भी बिना किसी शुल्क के प्रदान की गई। नेत्र परीक्षण के पश्चात पात्र पेंशनरों को निःशुल्क चश्मा भी वितरित किया गया। जिससे उन्हें किसी



प्रकार का आर्थिक भार नहीं उठाना पड़ा। इस सफल आयोजन में सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी, जिला कोषालय अधिकारी एमपी टंडन तथा सिविल सर्जन डॉ. रत्ना ठाकुर का विशेष योगदान रहा। साथ ही छत्तीसगढ़ पेंशनधारी संघ बीजापुर के जिला अध्यक्ष एवं उप-प्रांताध्यक्ष डीएस राम का भी महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। यह विशेष स्वास्थ्य शिविर पेंशनरों के लिए समय पर स्वास्थ्य जांच, निःशुल्क उपचार, औषधि वितरण एवं चश्मा वितरण की दृष्टि से अत्यंत सफल एवं लाभकारी सिद्ध हुआ, जिससे पेंशनरों ने संतोष व्यक्त किया।

### साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में दिए निर्देश

# योजनाओं की प्रगति में तेजी लाएं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों एवं न्यायालयीन प्रकरणों की विभागवार प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने न्यायालय द्वारा प्रदत्त निर्देशों की गंभीरता से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य पालन सुनिश्चित करने, लंबित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा समय पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि न्यायालयीन मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। कलेक्टर ने आधार पंजीयन के शत-प्रतिशत सेचुरेशन को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि आधार के माध्यम से शासन की अनेक जनकल्याणकारी




योजनाओं का लाभ आम नागरिकों को मिल रहा है। महिला एवं बाल विकास तथा स्कूल शिक्षा विभाग को मैदानी अमले से योग्य कर्मचारियों को चिन्हित कर तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने, इंडिया पोस्ट के सहयोग से स्कूली बच्चों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत बच्चों का आधार पंजीकरण सुनिश्चित करने, सर्वे डाटा, पोषण ट्रैकर एवं यू-डाइस डाटा के आधार पर छूटे हुए नागरिकों एवं बच्चों को लक्षित कर विशेष शिविर आयोजित करने तथा शिविर से पूर्व जन्म प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। नक्सल पीड़ित एवं आत्मसमर्पित नक्सली परिवारों को शासन की सभी योजनाओं का प्राथमिकता से लाभ दिलाने, नियद नेल्लानार ग्राम योजना के अंतर्गत सभी स्कूलों को मॉडल स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों को समक्ष आंगनबाड़ी के रूप में विकसित करने तथा प्रत्येक पंचायत में सोमवार को ग्रामीण सचिवालय के माध्यम से पंचायत सचिव एवं पटवारी द्वारा हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया।

राजस्व, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, जनपद पंचायत एवं आदिवासी विकास विभाग को प्रतिदिन की उपस्थिति की साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने, नियमित फील्ड विजिट कर कार्य प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने, जबकि शिक्षा विभाग से अपार आईडी के अंतर्गत विद्यार्थियों के बायोमेट्रिक अपडेट की प्रगति की जानकारी ली गई। विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सभी छात्रों को काउंसलिंग एवं मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने हेतु चिकित्सा विभाग से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए।

# मौत के मुहाने से लौटे 33 विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

क्रांतिकारी देब्रिधुर शासकीय उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र जगदलपुर (एमजीयूवीवी, दुर्ग) के उत्तर भारत शैक्षणिक भ्रमण पर गए 33 छात्र-छात्राएं अपने शिक्षकों सहित एक भीषण सड़क हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच गए। यह हादसा मनाली भ्रमण के अंतिम दिन शाम लगभग साढ़े सात बजे उस समय हुआ, जब बस पहाड़ से नीचे उतर रही थी तब पर्यटक बस के चालक को अचानक चलती हुई बस में मिर्गी का दौरा पड़ गया और चलती बस अनियंत्रित हो गई।

बस में सवार भ्रमण प्रभारी शिक्षक डॉ. रामकुमार देवांगन ने स्थिति की गंभीरता को तुरंत भांपते हुए अद्भुत साहस और सूझबूझ का परिचय दिया। बिना एक पल गंवाए वे चालक की सीट तक पहुंचे, स्टेयरिंग अपने हाथ में लिया और



हैंड ब्रेक लगाकर बस को नियंत्रित करने का प्रयास किया। इसी दौरान बस सड़क किनारे खड़ी एक ट्रक से टकरा गई।

तेज टक्कर के कारण डॉ. देवांगन की कलाई गंभीर रूप से टूट गई, लेकिन उनकी तत्परता और साहस से बस गहरी खाई में गिरने से बच गई। यदि बस खाई में गिर जाती, तो दर्जनों लोगों की जान जा सकती थी। इस संकट की घड़ी में भ्रमण के अन्य सहयोगी शिक्षक डॉ. अमित कुमार पैकरा, डॉ. अग्निवह हक़दार एवं डॉ. ममता भगत ने भी साहसिक भूमिका निभाते हुए स्थिति को संभाला और सभी विद्यार्थियों को सुरक्षित रूप से दिल्ली तक पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि कुछ सेकंड की भी देरी होती, तो बड़ी जान-माल की हानि हो सकती थी। हादसे के तुरंत बाद डॉ. देवांगन को प्राथमिक उपचार दिया गया, तत्पश्चात उन्हें दिल्ली रेफर किया गया, जहां उनकी कलाई का सफल ऑपरेशन किया गया।

महाविद्यालय के अधिष्ठाता ने गहरी चिंता जताते हुए कहा कि, यह घटना अत्यंत गंभीर और चिंताजनक थी, किंतु हमारे भ्रमण प्रभारी शिक्षक डॉ. रामकुमार देवांगन द्वारा दिखाई गई असाधारण सूझबूझ, साहस और त्वरित निर्णय ने एक बड़ी त्रासदी को टाल दिया। उन्होंने अपने प्राणों की परवाह किए बिना विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखा, जो संपूर्ण शिक्षकीय समुदाय के लिए गर्व की बात है।

महाविद्यालय परिवार उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है और उनके इस साहसिक कार्य के लिए उन्हें नमन करता है। साथ ही, भ्रमण में सम्मिलित सभी सहयोगी शिक्षकों की भूमिका भी सराहनीय रही, जिनके समन्वय से सभी विद्यार्थी सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंच सके। वर्तमान में डॉ. देवांगन अपने निवास पर चिकित्सकीय निगरानी में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### स्कूली बच्चों को दी गई साइबर सुरक्षा की ट्रेनिंग



**कोरर।** डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों पर लगाम लगाने और नई पीढ़ी को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एक विशेष साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं को वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से साइबर ठगी के तरीकों और उनसे बचने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरर आईटी के समस्त छात्र-छात्राओं को व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत आईटी विषय पर मोबाइल व सीएससी सेंटर कोकानपुर में 21 से 30 दिसंबर तक 10 दिवसीय इंटर्नशीप प्रोग्राम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। ट्रेनिंग ऑफिसर विजय यादव , सीएससी संचालक और कक्षा 11 वीं व 12 वीं के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। साइबर अलर्ट के बारे में वीडियो ट्रेनिंग के माध्यम से बताया व उससे निपटने के बारे में जानकारी दी गई और डिजिटल वैलनेस का प्रमाण पत्र सभी बच्चों को वितरण किया गया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान विशेषज्ञों ने वीडियो के जरिए बच्चों को समझाया कि कैसे सोशल मीडिया, फिशिंग लिंक और ऑनलाइन गेमिंग के जरिए साइबर अपराधी उन्हें निशाना बना सकते हैं। बच्चों को सिखाया गया कि अपना ओटीपी और पासवर्ड कभी किसी से साझा न करें, अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचें, साइबर अपराध होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर पर सूचित करें।

### दुर्घटना में युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 73 से थोड़ी दूर सड़क दुर्घटना में घायल बांदे थानांतर्गत ग्राम जबेली निवासी 30 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। जबेली निवासी रानू राम गावड़े ने पुलिस को बताया कि मृतक 28 दिसंबर को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। गंभीर चोट आने की वजह से उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### जैन भवन में मनोरंजन का मेला, समाजजनों ने लिया भरपूर आनंद



**भानुप्रतापपुर।** जैन समाज द्वारा 30 दिसंबर को सायं 4 बजे से 6 बजे तक जैन भवन में आनंद मेला का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी सौहार्द, एकता एवं सहभागिता को बढ़ावा देना रहा। आनंद मेले में समाज के युवाओं, महिलाओं, युवतियों एवं बच्चों द्वारा पारंपरिक एवं स्वादिष्ट व्यंजनों के आकर्षक स्टॉल लगाए गए थे। विविध पकवानों से सजे स्टॉलों की खुशबू और स्वाद ने मेले में पहुंचे लोगों का मन मोह लिया। समाज के सभी वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक इन स्टॉलों का आनंद उठाया। मेले में खान-पान के साथ-साथ गेम्स, मनोरंजक प्रतियोगिताएं एवं अन्य सामग्री की स्टालें भी लगाई गई थीं। समाज के हर आयु वर्ग के लोगों ने एक-दूसरे से मिलकर हंसी-ठहाकों के साथ समय बिताया, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय बना रहा। महिलाओं एवं बालिकाओं की सक्रिय भागीदारी ने मेले को और भी जीवंत बना दिया। मेलार्थियों ने कूपन खरीदकर अपनी पसंद के व्यंजनों और स्टॉलों से खरीदारी की, जिससे आयोजन में अनुशासन के साथ सहभागिता भी देखने को मिली।

### राज्यस्तरीय 3 दिवसीय राम कथा महोत्सव अमोड़ा व किशनपुरी में

**बनसागर।** तीन दिवसीय राम कथा महोत्सव का आयोजन 2 जनवरी से अमोड़ा व किशनपुरी में किया जा रहा है। कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक आशाराम नेताम, विशिष्ठ अतिथि जनपद अध्यक्ष नहरपुर सोमन सिंह कावड़े तथा अध्यक्षता प्रताप कुंजाम के द्वारा किया जाएगा। आयोजक समिति ने बताया कि दुर से आने वाले कथा प्रमियों के लिए भोजन की व्यवस्था रखी गई है।

# जान जोखिम में डाल टूटे बिजली पोल के सहारे नहर पार कर रहे ग्रामीण

## पखांजुर के ग्राम पंचायत पित्तेभोड़िया के आश्रित ग्राम का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंखाजुर

तहसील पखांजुर के ग्राम पंचायत पित्तेभोड़िया के आश्रित ग्राम पीवी 118 के दासपारा में विभागीय लापरवाही अब ग्रामीणों की जान पर भारी पड़ती नजर आ रही है। गांव के मुख्य तालाब तक जाने वाले मार्ग पर स्थित पित्तेभोड़िया माइनर-1 सिंचाई नहर पर पुलिया का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार दासपारा के लोगों को तालाब जाने के लिए नहर पार करना पड़ता है। परंतु नहर में जब पानी अधिक होता है, तो ज्यादा दिक्कत का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब तक पहुँचने का कोई सुरक्षित रास्ता न होने के कारण ग्रामीण मजबूरी में जान जोखिम में डालकर नहर पार कर रहे हैं। हालात इतने गंभीर हैं कि ग्रामीणों ने बिजली के टूटे हुए पोल को नहर पर रखकर अस्थायी पुल बना लिया है। इस जुगाड़ के सहारे रोजाना बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को नहर पार करनी पड़ रही है। जरा सी चूक किसी बड़े हादसे को जन्म दे सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव का मुख्य तालाब ही निस्तारी और दैनिक आवश्यकताओं का एकमात्र साधन है। नहर में इस समय लबालब पानी भरा होने से बिना पुलिया के पार करना असंभव हो गया है। इसके बावजूद सिंचाई विभाग द्वारा अब तक पुलिया निर्माण नहीं कराए जाने से ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है। दासपारा के निवासियों ने सिंचाई विभाग से मांग की है कि तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए आवागमन के लिए पाईप पुलिया का निर्माण कराया जाए और साथ ही स्थायी पुलिया के लिए जल्द से जल्द योजना स्वीकृत की जाए।



### अधिकारियों को दी जानकारी मिला आश्वासन

इस संबंध में मंडल अध्यक्ष कापसी अजय बाछाड़ निवासी रतनपुर ने बताया कि उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी, सिंचाई विभाग कापसी आरएल धीवर को समस्या से अवगत करा दिया है। एसडीओ द्वारा आश्वासन दिया गया है कि पित्तेभोड़िया माइनर-1 रतनपुर में जल्द ही दो पाइप पुलिया की व्यवस्था करवाई जाएगी। अब देखना यह होगा कि विभाग का यह आश्वासन कब हकीकत में बदलता है, या फिर किसी बड़े हादसे के बाद ही हरकत में आएगा।

## समस्या: घरेलू कार्य, व्यापार और बच्चों की पढ़ाई हो रही प्रभावित


# बिना पूर्व सूचना घंटों बिजली गुल से जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- बिजली कटौती से नागरिकों में रोष

क्षेत्र में बिजली विभाग की मनमानी और लापरवाही से आम नागरिकों का जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। बिजली विभाग द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के घंटों तक बिजली आपूर्ति बंद कर दी जा रही है, जिससे आमजन में भारी रोष व्याप्त है। आए दिन हो रही इस अघोषित बिजली कटौती ने लोगों की दिनचर्या को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि कई बार दिन में तो कई बार देर रात अचानक बिजली काट दी जाती है। क्षेत्र में बिजली विभाग द्वारा दी जा रही सूचनाओं और वास्तविक बिजली आपूर्ति के बीच लगातार अंतर देखने को मिल रहा है। शनिवार 27 दिसंबर को बिजली विभाग ने सुबह 10 बजकर 54 मिनट पर सूचना जारी की कि 11 केवी गोविंदपुर फीडर के अंतर्गत घड़ी चौक एबी स्विच काटकर ट्रांसफॉर्मर बदलने का कार्य किया जाएगा। विभाग द्वारा बताया गया कि इस कार्य के कारण उदय नगर, साकेत नगर, एकता नगर और थेलकाबोड़ क्षेत्र में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। विभाग द्वारा तय समय समाप्त होने के बाद भी दोपहर 2 बजे तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई। इससे क्षेत्र के नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जब दोपहर 2 बजकर 15 मिनट पर विभाग से संपर्क किया गया तो बताया गया कि एकता नगर टावर के पास नया ट्रांसफॉर्मर लगाने का कार्य किया जा रहा है, जिसके चलते लाइन बंद रखी गई है। इसके बाद विभाग ने दूसरी सूचना में बताया कि उदय नगर, शिव नगर के कुछ हिस्से, पवन नगर, एकता नगर और डिवीजन ऑफिस रोड क्षेत्र में शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस अचानक बढ़ाई गई कटौती से आम नागरिकों में नाराजगी देखने को मिली। इसी तरह 30 दिसंबर मंगलवार को भी बिजली विभाग ने दोपहर 2 बजकर 53 मिनट पर सूचना जारी की कि शिव नगर, संजय नगर और उदय नगर क्षेत्रों में ट्री कटिंग कार्य के कारण तीन घंटे के लिए बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। लगातार हो रही इस प्रकार की कटौती से क्षेत्रवासियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है।



### जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए

स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली विभाग द्वारा पहले दी गई सूचना के अनुसार लोग अपने काम की योजना बनाते हैं, लेकिन समय बढ़ा दिए जाने से घरेलू कार्य, व्यापार और बच्चों की पढ़ाई पर सीधा असर पड़ता है। खासकर दुकानदारों और छोटे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। नागरिकों ने मांग की है कि बिजली विभाग मरम्मत या अन्य कार्यों के लिए बिजली कटौती से पहले सही और स्पष्ट समय की जानकारी दे तथा तय समय के भीतर कार्य पूरा कर आपूर्ति बहाल करे। साथ ही बार-बार बढ़ाई जा रही कटौती पर जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।

# धान की खरीदी को डेढ़ माह बीते धान का उठाव शून्य प्रतिशत!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



- 26 हजार क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी

समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी को डेढ़ माह बीत चुके है, लेकिन पहली बार अब तक धान का उठाव शून्य प्रतिशत है। समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी तो जारी है, लेकिन उठाव नहीं होने से खरीदी प्रभारी से लेकर प्रबंधक सभी चिंतित नजर आ रहे है। क्योंकि धान खरीदी के लिए जगह पूर्ण हो चुकी है। खरीदी केन्द्र को छोड़कर अन्य जगहों पर खरीदी की जा रही है और यह जगह भी भरने की कगार पर आ चुकी है।

डेढ़ माह से अब तक खरीदे गये धान में सूख्ती का डर प्रबंधकों को सता रहा है। क्योंकि जो धान खरीदा गया है वह खुले में रखा रहा है, जिसका नुकसान प्रबंधकों या खरीदी प्रभारी को उठाना पड़ेगा। चारामा में लगभग 26 हजार विवंटल धान की खरीदी हो चुकी है, लेकिन उठाव शून्य हैं जिसके कारण मंडी प्रागण में शुरू हुई धान खरीदी अब मंडी सडकों पर मजबूरीवश की जा रही है। माहुद में केन्द्र में जगह नहीं होने के कारण नदी किनारे खरीदी करनी पड़ रही है। अन्य जगह खरीदी किए जाने से धान के रखरखाव का भी भार सामने आ रहा है। धान का उठाव नहीं होने के पीछे का मुख्य दो कारण है, जिसमें दो साल से मिलरो को धान मिलिंग का पैसा केन्द्र और राज्य सरकार दोनों से प्राप्त नहीं हो पा रहा है। यही मिलर जो धान केन्द्रों से उठाकर मिल में ले जाकर मिलिंग करने के बाद उन्हें उस चॉवल ने फेडरेशन को देना होता है। फेडरेशन में जगह नहीं होने के कारण मिलरों के पास पिछले साल का चावल अभी तक पड़ा हुआ है। यही मिलरों के पास पिछले साल का कुछ धान भी शेष बचा हुआ है। और मिलरों के पास नया धान या चॉवल रखने की जगह नहीं होने के कारण उठाने से बच रहे है, जिसके कारण केन्द्रों से धान का उठाव नहीं हो पा रहा है।

पिछले साल का धान जिसने राज्य सरकार जो चावल लेती है। यह मिलरों ने राज्यो को दे दिया है, लेकिन केन्द्र सरकार की ओर से पिछले साल का चावल अभी तक नहीं मिला गया है।अगर बीते दो साल का भुगतान मिलरों को इस साल भी नहीं मिलता है तो कई मिलरों के सामने उनके मिल को चला पाने की भी समस्या सामने आ जाएगी।

## बिजनेस न्यूज

### सुमीत बाजार की वूलन महासेल शुरू ग्राहकों को मिल रहे बंपर डिस्काउंट




**रायपुर।** विंटर सीजन को खास और किफायती बनाने प्रदेश की सबसे बड़ी रिटेल चेन सुमीत बाजार की ओर से वूलन महासेल की शानदार शुरुआत की गई है। इस महासेल में ग्राहकों को वूलन कपड़ों की आकर्षक और ट्रेंडी रेंज के साथ जबरदस्त ऑफर्स और बेहतरीन डील्स का लाभ मिल रहा है। सर्दी के मौसम में फैशन और जरूरत-दोनों को ध्यान में रखते हुए सुमीत बाजार ने सभी आयु वर्ग के ग्राहकों के लिए विशेष कलेक्शन पेश किया है।

ऑफर्स की बात करें तो चार वूलन आइटम्स की खरीदी पर 50 प्रतिशत, तीन आइटम्स पर 40 प्रतिशत और दो आइटम्स पर 30 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। इन ऑफर्स पर नियम व शर्तें लागू हैं। इसके साथ ही सुमीत बाजार स्टोर्स में ईयर एंड सेल के तहत अन्य कई प्रोडक्ट्स पर भी अतिरिक्त लाभ दिए जा रहे हैं।

सुमीत बाजार में विंटर सीजन को लेकर ग्राहकों की खासी भीड़ देखने को मिल रही है। यहां स्वेटर, स्वेटशर्ट, हुडीज, जैकेट्स, विंडशीटर, कार्डिगन, वूलन गर्ल्स टॉप, शॉल, स्टोल, मफलर, हैंड ग्लव्स, टोपी और थर्मल वियर सहित विंटर वियर की विस्तृत और आकर्षक रेंज उपलब्ध है।

इसके अलावा साड़ी, कुर्ती, टी-शर्ट, जींस, शर्ट, ट्राउजर्स, सूटिंग-शर्टिंग, सलवार सूट के साथ-साथ गृह उपयोगी वस्तुएं, सजावट और फर्निशिंग आइटम्स की भी बड़ी रेंज ग्राहकों को मिल रही है। पुरुषों, महिलाओं, किशोरों और बच्चों के लिए लेटेस्ट फैशन कलेक्शन के साथ सुमीत बाजार इस सर्दी को स्टाइलिश और बजट फ्रेंडली बनाने में जुटा हुआ है।

### भानुप्रतापपुर में गहराया जलसंकट, पार्षद की चेतावनी के बाद नपं हरकत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 9, 10 एवं 11 में बीते कई दिनों से गंभीर पेयजल संकट बना हुआ है। नल-जल योजना के तहत चल रहे कार्य के दौरान आरवी ठक्कर पेट्रोल पंप के सामने नगर पंचायत की मुख्य पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो जाने से तीनों वार्डों में जल आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई थी। जिससे स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

इस मामले को लेकर वार्ड क्रमांक 10 की पार्षद मनदीप कौर ढींदसा ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भानुप्रतापपुर को चेतावनी पत्र सौंपते हुए कार्य एजेंसी और संबंधित विभाग की लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई थी। पत्र में उल्लेख किया गया था कि इससे पूर्व भी इसी तरह की लापरवाही के चलते लगभग 15 दिनों तक जलसंकट बना रहा था। पार्षद ने स्पष्ट चेतावनी दी थी कि यदि 31 दिसंबर तक क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत कर नियमित जल आपूर्ति बहाल नहीं की गई, तो वे वार्डवासियों के साथ 31 दिसंबर को सुबह 10 बजे से शांतिपूर्ण भूख-हड़ताल शुरू करेंगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन एवं कार्य एजेंसी की होगी। पार्षद द्वारा ज्ञापन सौंपे जाने और बढ़ते जनआक्रोश के बाद नगर पंचायत प्रशासन हरकत में आ गया। मंगलवार को नगर पंचायत ने मामले का संज्ञान लेते हुए तत्काल पाइपलाइन मरम्मत कार्य शुरू कराया। नगर पंचायत उपाध्यक्ष गजानंद डडसेना ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं और जहां-जहां पाइपलाइन क्षतिग्रस्त है, वहां त्वरित मरम्मत कराई जा रही है।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि नागरिकों को पेयजल संकट से राहत दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं, स्थानीय नागरिकों ने नगर पंचायत की त्वरित कार्रवाई का स्वागत करते हुए समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है। फिलहाल प्रशासनिक पहल के बाद वार्डों में जलापूर्ति सुनिश्चित की जा चुकी है। वार्डवासियों ने राहत की सांस ली।

# नरहरपुर में जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष बसंत का किया गया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर



जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष बसंत यादव के प्रथम बार ब्लॉक मुख्यालय नरहरपुर आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य, ऐतिहासिक और उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। उनके नरहरपुर पहुंचते ही कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। नगर में आतिशबाजी की गई और जनपद पंचायत के सामने धमतरी मार्ग पर फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया गया। इसके पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए उन्हें नगर पंचायत के सांस्कृतिक भवन स्थित मुख्य कार्यक्रम स्थल तक जुलूस के रूप में लाया।

मुख्य कार्यक्रम स्थल पर सर्वप्रथम नवनियुक्त जिला अध्यक्ष बसंत यादव ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना एवं माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद मंचासीन नवनियुक्त जिला अध्यक्ष बसंत यादव सहित उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कांग्रेस नेताओं का फूल-मालाओं से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष वीरेश ठाकुर एवं पूर्व विधायक शंकर ध्रुवा ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष बसंत यादव एक जमीनी कार्यकर्ता हैं और उनके नेतृत्व में संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया। सभा को संबोधित करते हुए नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष बसंत यादव ने कहा कि वे स्वयं को एक साधारण कार्यकर्ता मानते हैं। पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वे सभी वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कांग्रेस परिवार के साथ मिलकर संगठन को आगे बढ़ाएंगे। कांग्रेस पार्टी हमेशा से श्रमिकों, किसानों और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष करती आई है और वे भी इसी मार्ग पर चलते हुए इन वर्गों को न्याय दिलाने के लिए सतत प्रयास करेंगे। उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह योजना कांग्रेस सरकार की देन है, जो आज भी लागू है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार इस योजना का नाम बदलने और इसे कमजोर करने की दिशा में काम कर रही है। इसके विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ता संगठित होकर सरपंचों और जनप्रतिनिधियों को साथ लेकर सड़क से सदन तक संघर्ष करेंगे।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जनक नंदन कश्यप, मांडवी दीक्षित, रोहिदास शोरी, पुरुषोत्तम पाटिल, सरजू शोरी, संजना वट्टी, कौशल्या शोरी, मोती साहू, संतराम मरकाम, मनीराम सिन्हा, गोमती सलाम, प्यारी सलाम, दिनेश कुमार पटेल, कासिम खान, फैजल मेमन, चमन साहू, लोमेंद्र यादव, राजू दुबे, कमलेश कुमार कोमरा, हलाल नेताम, बाबूलाल साहू, गणेश कोड़ोपी, नारायण मरकाम, मोंटू साहू, इमरान खान, प्रमोद कुमार कुंजाम, सुरेश कुमार नाग, अनीता यादव सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में संचालित बिहान कार्यक्रम से बदली तस्वीर

# दुर्गूकोदल के दिया गांव की महिलाएं बनीं आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

- मशीन किराए पर देकर बढ़ा रहे आय

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित बिहान कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम दिया गांव की लक्ष्मी स्व सहायता समूह कि महिलाओं ने अपने आजीविका उपार्जन के लिए बैंक से ऋण लेकर मिक्सर मशीन खरीदी है और उसे किराए पर देकर अपनी आय में निरंतर वृद्धि कर रही हैं। विकासखंड के स्व सहायता समूह अलग-अलग स्वरूपों में कार्य कर रही हैं। समूह कृषि, पशुपालन, लखपति दीदी योजना, ऑनलाइन कार्य एवं अन्य छोटे-बड़े व्यवसायों के माध्यम से अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम दियागांव की लक्ष्मी स्व सहायता समूह की महिलाओं ने जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के सहयोग से भारतीय स्टेट बैंक से 2 लाख का ऋण प्राप्त कर मिक्सर मशीन खरीदा इस मशीन को विवाह, सामाजिक कार्यक्रमों एवं अन्य आयोजनों में किराए पर देकर समूह की महिलाएं नियमित आय अर्जित कर रही हैं। इस कार्य में समूह की सदस्य मनमोतीन, मगोतीन, शर्मिला सहित अन्य महिलाएं सक्रिय रूप से जुड़ी हुई हैं।



बीपीएम नंदिनी दीवान ने जानकारी देते हुए बताया कि विकासखंड दुर्गुकोंदल में लगभग 1200 महिला स्व सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है। ये सभी समूह ग्रामीण राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से कार्य कर रहे हैं और महिलाएं अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। शासन की इस योजना से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और वे स्वरोजगार की ओर अग्रसर हो रही हैं।

### स्थायी आजीविका देने की मंशाः सीईओ

मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे ने कहा कि शासन की मंशा है कि ग्रामीण महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बनें और स्वयं के पैरों पर खड़ी हों। एनआरएलएम और बिहान कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को प्रशिक्षण, ऋण सुविधा और विपणन से जोड़ा जा रहा है, जिससे वे स्थायी आजीविका अपना सकें।

# परीक्षा देने गए छात्र की सड़क हादसे में मौत



**कांकेर।** परीक्षा दिलाने के लिए गए कक्षा 9 वीं छात्र सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। घायल छात्र को इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए। अस्पताल में उपस्थित चिकित्सकों ने छात्र के मौत होने की पुष्टी किया। छात्र के परिजन को जैसे की घटना की जानकारी हुई। वे अस्पताल पहुंचे और पूरे घटना की जानकारी दुर्गुकोंदल थाना में पुलिस को दिया। परिजन की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। दुर्गुकोंदल थाना में शिकायत करने पहुंचे दुग्गापारा कर्रामाड़ निवासी 56 वर्षीय लालसाय उईके पिता मंगलू राम उईके ने पुलिस को बताया कि 29 दिसंबर को सुबह 9 बजे चंद्रप्रकाश उईके कक्षा नवमीं का पेपर देने कोदापाखा स्कूल गया था। रात लगभग साढ़े 10 बजे गांव के राहुल वर्मा के द्वारा फोन करके बताया कि चंद्रप्रकाश मेरे घर आया था। वापस घर जाते समय मेन रो कर्रामाड़ के पास केंवटी से पखांजुर कि ओर आ रही किसी अज्ञात वाहन के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से ठोक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से चंद्रप्रकाश उईके को चोटें आयी। इलाज के लिए सीएचसी दुर्गुकोंदल लाए है। जानकारी मिलने के बाद मै और पतनी बिंदा उईके के दुर्गुकोंदल अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में उपस्थित चिकित्सकों ने गंभीर चोट लगने से मौत होने की पुष्टी किया।